## न्यूज गैलरी

### सड़क हादसे में युवक घायल, रिम्स रेफर

मांडर। मांडर थाना अंतर्गत महुवाजाड़ी के समीप एक बाइक सवार तौसीफ अंसारी 18 वर्षीय बिसाहा खटंगा का रहने वाला असंतुलित होकर एक पत्थर से टकरा गया जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा मांडर रेफरल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया।

### करगे पंचायत में सोहराई जतरा महोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



मांडर। मांडर प्रखंड अंतर्गत करगे पंचायत में सोहराई जतरा महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमे बतौर मुख्य माननीय विधायक शिल्पी नेहा तिर्की पहुंची, जिनका स्वागत पुष्प गुच्छा देकर आयोजनकर्ताओ ने किया। इस जतरा कार्यक्रम में आये तमाम लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारा कल्चर एवं संस्कृति दूसरों से बहुत अलग है और बहुत ही सुंदर है, इसे बचाकर रखने के लिए आज के युवा पीढ़ी को अपना कल्चर एवं संस्कृति जानना बहुत जरूरी है और दूसरों को इसके बारे बतलाना बहुत जरूरी है, साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में एवं व्यापार के क्षेत्र में अपने लोगों को बहुत सारी जानकारी दी। इस दौरान उपस्थित तमाम ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे में भी बतलाया और योजनाओं का लाभ लेने को कहा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि जमील मल्लिक, नसीम अंसारी, जुअल तिग्गा, होसे उरांव, बेलस टोप्पो एवं आयोजनकर्ता उपस्थित रहे।

### भव्य भंडारा के साथ ओरमांझी में काली पूजा संपन्न



ओरमांझी। भव्य भंडारा के साथ ओरमांझी मे काली पूजा संपन्न ।काली पूजा के अवसर पर काली पूजा समिति ओरमांझी के द्वारा काली पूजा स्थल पर भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में मां काली के सैकड़ों भक्तों ने भंडारा का महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का महाप्रसाद वितरण का उद्घाटन राज्यसभा सांसद आदित्य साहू व पूर्व सांसद राम टहल चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। भंडारा का महाप्रसाद देर शाम तक वितरण होता रहा। जिसे ग्रहण कर मां काली भक्त धन्य हो गए। भंडारा के अवसर पर राज्यसभा सांसद सह भाजपा प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, जिप सदस्य सरिता देवी, प्रमुख अनुपमा देवी, पूर्व उप प्रमुख जय गोविंद साहू, भाजपा रांची जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष मानकी राजेंद्र साही, प्रदेश किसान मोर्चा उपाध्यक्ष अमरनाथ चौधरी, विधायक प्रतिनिधि प्रेमनाथ मुण्डा, सदर थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, थाना प्रभारी ओरमांझी राजीव कुमार सिंह, केदार सिंह, हुटुप ओपी प्रभारी विपुल ओझा, पुर्व जिला 20सुत्री उपाध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार, शैलेन्द्र मिश्र, बनवारी लाल साहु, दुर्गा चरण साहु, पतरस करमाली, पुजा समिति ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी, सचिव श्याम किशोर महतो, कोषाध्यक्ष दुर्गा शंकर साहु, काली पूजा समिति के अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव धीरज नायक, कोषाध्यक्ष नीतीश कुमार साहू, नरेश महतो, डॉ प्रदीप कुमार, शंकर गुप्ता, राम छबीला साहू, धनेश महतो, कुलदीप तिवारी, सूरन सिंह, सत्यम राज कुशवाहा, भीम मुंडा सहित मां काली के भक्त उपस्थित थे। जबकि काली पूजा समिति वीर टोली आनंदी के द्वारा मां काली का प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना किया गया। मां काली के प्रतिमा का विसर्जन गुरुवार को देवी मंडप आनंदी स्थित तालाब में किया जाएगा । इस अवसर पर काली पूजा समिति वीर टोली आनंदी के द्वारा देवी मंडप स्थल पर भव्य मेला का आयोजन किया गया है।

# बुजुर्ग महिला की हत्या कर गायब कर दिया था शव, मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर बुजुर्ग महिला का शव भी जंगल से बरामद कर लिया गया है।

## क्या है पूरा मामला

तमाड़ थाना क्षेत्र के गांव पालना रहने वाले बुधन सिंह मुंडा ने 22 अक्टूबर को तमाड़ पुलिस को यह जानकारी दी थी कि उसकी मौसी का अज्ञात अपराधियों के द्वारा अपहरण कर लिया गया है। मामले की छानबीन में जब पुलिस जुटी तो सबसे पहले महिला के कमरे की तलाशी ली गई ,कमरे में कई जगह खून बिखरा हुआ था। ऐसा लग रहा था कि जिस समय अपराधी महिला को अपने साथ उठा कर ले जा रहे थे उस दौरान महिला के द्वारा उनका विरोध किया गया था उसी समय महिला पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था ,जिसके वजह से कमरे में खून बिखरा पड़ा था।आस पास तलाश करने पर महिला कही नही मिली ,जिसके बाद रूरल एसपी नौशाद आलम ने बुंडू डीएसपी अजय कुमार के नेतृव में एक टीम का गठन कर बुजुर्ग महिला की तलाश शुरू की।

## हत्या कर जंगल मे छुपा दिया था शव

मामले की तफ्तीश में जुटी पुलिस को जानकारी मिली थी गांव के ही रहने वाले कुछ लोगों से महिला का जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ लोग बुजुर्ग महिला की जमीन पर कब्जा करना चाह रहे थे लेकिन वह अपनी जमीन किसी भी कीमत पर उन्हें नहीं देना चाह रही थी। मामले में सबसे पहले पुलिस ने विलियम पूरा नाम के शख्स को दबोचा तो पूरी कहानी सामने आ गई। विलियम ने बताया कि 22 अक्टूबर की रात उसमें अपने अन्य तीन साथियों के साथ महिला के घर में टांगी से वार उसे मार डाला और फिर जंगल मे शव को छुपा दिया।

## शव जंगल से हुआ बरामद

विलियम के सूचना पर पुलिस जारगो जंगल से बुजुर्ग महिला का शव बरामद कर लिया ,वहीं विलियम के निशानदेही पर उसके तीन अन्य साथी सुखराम सिंह मुंडा ,बुद्धू पाहन और सुखराम को भी गिरफ्तार कर लिया। हत्या में प्रयोग किए गए कुल्हाड़ी को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## पूजन सामग्री की खरीदारी करने वालों के लिए वाहनों के प्रवेश पर रोक लगे : संजीव



**रांची** । लोक आस्था का महापर्व छठ पुजा के लिए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठ पुजा का पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए दो दिवसीय मेला का आयोजन बकरी बाजार एवं अप्पर बाजार के आस पास के क्षेत्रो मे होता है। अत्यधिक व्यस्तम क्षेत्र होने के इस विषय को संज्ञान में लेते हुए संजीव विजयवर्गीय उपमहापौर रांची के द्वारा नगर आयुक्त को कहा कि आगामी शनिवार को छठ महापर्व के लिए लगने वाले मेले के दिन सुबह से शाम तक शहीद चौक से बकरी बाजार होते शनि मंदिर जाने वाली रोड एवं इसके आसपास के क्षेत्रों में रांची नगर निगम की वाहनों का प्रवेश एवं निकास वर्जित किया जाए जिससे कि छठ पूजा की खरीदारी करने आ रहे हैं शहर वासियों को असुविधा का सामना ना करना पड़े।

## पंडरा में भाई-बहन की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी अर्पित के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट रोड के जनक नगर में चार माह पहले श्वेता सिंह और उसके भाई प्रवीण कुमार सिंह उर्फ ओम की हत्या के मामले में पुलिस ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल कर दिया है। पंडरा पुलिस की ओर से दाखिल किए गए चार्जशीट में दोनों भाई-बहन की हत्या और उनकी मां चंदा देवी को घायल करने के मामले में अर्पित अर्णव को आरोपी बनाया गया है। पुलिस को जांच में पता चला कि इस वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी ने साक्ष्य और गवाह को खत्म करने की पूरी कोशिश की। उसने चंदा देवी को मरा हुआ समझ कर वहां से भाग निकला था। अगर उसे यह मालूम रहता कि चंदा जीवित है तो आरोपी उसे भी मार डालता। उसने पुलिस के समक्ष भी इस बात का खुलासा किया है। पुलिस की ओर से दाखिल किए गए चार्जशीट में इस बात का उल्लेख किया गया है। पुलिस के अनुसंधान में ये बात सामने आयी है कि बीते 17 जून की रात आरोपी अर्पित श्वेता से मिलने के लिए उसके घर गया था। अगले दिन भोर में जब उसकी मां चंदा देवी ने दोनों को आपत्तिजनक स्थित में देख लिया था। जिसका चंदा देवी ने विरोध किया। इस पर अर्पित ने सामने सब्जी काटने वाले चाकू से श्वेता की मां चंदा देवी के गर्दन पर तीन-चार बार चाकू से वार किया। बाद में चाकू के टूट जाने के बाद फीज के ऊपर रखा हथौड़ा से चंदा देवी के सिर पर कई बार मार दिया। इस पर आवाज सुन कर श्वेता का छोटा भाई प्रवीण सिंह उर्फ ओम उठ गया और अपनी मां को बचाने के लिए आया तो उसे भी अर्पित ने तीन- चार बार हथौड़ा सिर पर मार दिया। जिस पर ओम वही पर गिर गया। इसी बीच श्वेता ने विरोध किया तो उसे भी आरोपी ने मार डाला।

# भारतीय मूल के ऋषि सूनक का ब्रिटेन का पीएम होना गर्व की बात : सुनील कुमार सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भारतीय मूल के ऋषि सूनक को ब्रिटेन के पीएम निर्वाचित होने पर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बधाई दी है। उन्होंने ऋषि सूनक को बधाई देते हुए कहा कि यह हमारी संगठन राष्ट्र बचाओ आंदोलन सहित 130 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि जिस ब्रिटेन ने लगभग 200 वर्षों तक राज किया उसी ब्रिटेन पर अब एक भारतीय मूल के ऋषि सूनक का राज होगा। उन्होंने कहा कि यह हमसभी भारतीयों के लिए गर्व के साथ हर्ष का विषय है कि ब्रिटेन के इतिहास में पहली बार एक भारतीय मूल का हिंदू व्यक्ति प्रधानमंत्री बना है। उन्होंने बताया कि ऋषि सूनक ने भी खुले तौर पर खुद को गर्वित हिंदू घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि उनकी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत उनकी पत्नी की तरह भारतीय है। वह एक हिंदू होने के बारे में खुले हैं और वे अपने डेस्क पर विघ्नहर्ता गणेश की मूर्ति रखने के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज विश्व में सभी क्षेत्रों में भारतीय परचम लहरा रहे हैं। अमेरिका के उप राष्ट्रपति कमला हैरिस, मॉरिशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ सहित दुनिया के 70 देशों में भारतीय मूल के लोग सर्वोच्च पदों पर पहुंचे हैं। सबसे ज्यादा नौ बार मॉरिशस में भारतीय मूल के नेताओं ने राष्ट्रपति या फिर प्रधानमंत्री का पद संभाला है। इनमें सर शिवसागर पहले हैं, जिन्होंने 14 साल तक मॉरिशस के प्रधानमंत्री पद पर राज किया। इससे प्रतित होता है कि आनेवाले समय में दुनिया पर भारत का राज होगा और भारत अखंड भारत बनेगा। दूसरी ओर श्री सिंह ने कहा कि परंतु यह दुर्भाग्य है कि देश के कुछ विपक्षी नेता उल-जलूल बयानबाजी कर इसका राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश में जुट गये हैं।

## दीपावली की छुट्टी में घर आये कर्नल और उनके बेटे के साथ मारपीट

**रांची** । दीपावली की छुट्टी में घर आये कर्नल और उनके बेटे को बेतरह मारा-पीटा गया। लाठी-डंडे और रॉड से दोनों के बदन और सिर पर प्रहार किया गया। बेटे का चश्मा भी तोड़ दिया गया। आंखें भी चोटिल हुई हैं। दोनों बाप-बेटे मुर्छित होकर गिर पड़े। कर्नल का इल्जाम है कि उन्हें और उनके बेटे के साथ मॉब लिंचिंग की कोशिश की गई। उनके कान में घातक चोटें लगी हैं। उन्हें अब सुनाई भी कम दे रहा है। किसी तरह दोनों अपनी जान बचा सके। कर्नल का कसूर सिर्फ इतना था कि उन्होंने पटाखा बेचने वाले दुकान ट्रेड फ्रेंड्स से जीएसटी बिल की डिमांड कर दी थी। इल्जाम है कि दुकानदार विमल सिंघानिया के इशारे पर बिना कुछ जाने-सुनें 15-20 लोगों ने कर्नल और उसके बेटे पर कातिलाना हमला कर दिया।

# बड़का मुरु का ऐतिहासिक सोहराय मेला हर्षोल्लास पूर्वक हुआ संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**



**बुढ़मू।** बुढ़मू प्रखंड के बड़का मुरु में आयोजित एक दिवसीय सोहराय जतरा मेला बुधवार को हर्षोल्लास पूर्वक संपन्न हो गया। दीपोत्सव पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर आयोजित होने वाले इस मेला का शुभारंभ गांव के पाहन प्रधान द्वारा जतरा खुटा मे मुर्गे की बलि व पूजा अर्चना कर किया गया। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला में नागपुरी युवा कलाकारों द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिसका दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। मेला में पूर्व की भांति विभिन्न गांवो से शामिल पारंपरिक खोड़हा नृत्य मेले के मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। मेला में कृषि उपकरण, ईख व मिठाईयां खुब बीके। इसके पूर्व मेला का उद्घाटन झामुमो के वरिष्ठ नेता और जिला उपाध्यक्ष निरंजन कालिंदी, मुखिया दसमी देवी, व पंचायत समिति सदस्य प्रमिला देवी, ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मेला में उपस्थित दर्शकों को संबोधित करते हुए श्री कालिंदी ने कहा कि मेला जतरा से ही हमारी संस्कृति की पहचान है। मेले के सफल आयोजन में पंकज सिंह, दारा सिंह, रतन मुंडा, कीर्तन साहू,बबलू साहू,माधव साहू, मुनेश्वर सिंह , सहाबिर मुंडा, बिरु मुंडा,त्रिलोक साहू सहित मेला समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय भूमिका रहा।

## रातू के मुरचू, पुरियों व फेटा में सोहराई जतरा का हुआ आयोजन

# पारंपरिक नृत्य संगीत में झूमे युवक-युवतियां




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू प्रखंड के पुरियों , मुरचू व फेटा गांव में बुधवार को विभिन्न समितियो की ओर से अखड़ा समिति पुरियों की ओर से पारंपरिक सोहराई जतरा का आयोजन किया गया। आदिवासी भेष भूषा में ढोल नगाड़े के साथ युवक-युवतियों ने पारंपरिक गीत संगीत प्रस्तुत किया। पुरियों में आयोजित जतरा महोत्सव में 12 गांव के खोड़हाधारी शामिल हुये। पूर्व डिप्टी मेयर व कोंग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव, सरहुल पूजा समिति के अध्यक्ष व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव, कोंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अफताब आलम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर सोहराई जतरा का शुभारम्भ किया। वही मुरचू व फेटा में बतौर मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जयसवाल उपस्थित थे। जतरा में 12 पड़हा के लोग शामिल हुये। इस दौरान रंगारंग पारंपरिक नृत्य संगीत व संस्कृतियों की धूम रही। जतरा का शुभारंभ पहानो द्वारा मुर्गे की बलि दे कर किया गया। झारखंड में सुख, शांति-समृद्धि के लिए पूजा की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची जिप अध्यक्ष निर्मला भगत, आजसू के भरत कांसी व पूर्व जिप सदस्य अमर उरांव मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हम आदिवासी समाज प्रकृति के पुजारी हैं। हमें अन्न, धन की प्राप्ति प्रकृति से ही होती है। जिसमें हमारे घरेलू पशुओं का अभिन्न योगदान होता है। इसलिए हम सभी सोहराई के दिन उनकी पूजा करते है। जतरा में शामिल खड़ेहाधारियो को पानी का ड्राम व प्रोत्साहन राशि दिया गया।

# सोंस पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विधालय का विधायक ने किया औचक निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत सोन्स पंचायत स्थित राजकीय उत्क्रमित उच्च विधालय का अचानक औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो कमियां एवं कुछ दिन पूर्व जांच कमिटी द्वारा जांच में जो सड़ा हुआ अनाज पाया गया था और माध्याह्न भोजन में उसी अनाज का भोजन बच्चों को परोसा जा रहा था। जांच कमिटी द्वारा कार्रवाई करते हुए अनाज को जल्द हटाने का निर्देश स्कूल प्रभारी को दिया था, पर आज विधायक ने स्कूल का निरीक्षण किया तो वही सड़ा हुआ अनाज को वहीं पाया। यह देखकर स्कूल के प्रभारी एवं स्कूल के सभी टीचर को फटकार लगायी और फटकार लगाते हुए कहा कि जल्द उस सड़े हुए अनाज को हटायें नहीं तो जल्द इस पर बड़ा कारवाई मैंकरूंगी। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष इश्तियाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि अब्दुल्ला अंसारी इरसाद खान एवं मंगलेश्वर उरांव अन्य उपस्थित रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची**

**ई-प्रोक्योरमेंट अल्पकालीन निविदा सूचना**

Tender Reference No. - DWSD/RW-10/2022-23 Date - 26-10-2022

| S. No | Name of the Work | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, Infiltration Gallery, R.C.C. Gangway 50 M long and 3.00 M wide, 1.00 MLD capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir- 3 nos., Staff Quarter, Compound wall, Approach road, S.H. Crossing, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor, Five years operation & maintenance with allied works etc. all complete job for **Tumang Adjoinig villages Rural Water Supply Scheme** under D.W. & S. Division Ranchi West on turnkey basis." | 1125.17 | 11.26 | 10000.00 |
| 2 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | **18 Months + 3 months (trial and run)** | | |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 07-11-2022 at 05:00 P.M | | |
| 4 | प्री-बीड बैठक का स्थान एवं तिथि | 09-11-2021 /12:30 P.M O/o Engineer-in-chief, DWSD, Nepal House, Ranchi. | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 16-11-2022 up to 04:00 P.M | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | 17-11-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, राँची प्रक्षेत्र, राँची। | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | 17-11-2022 up to 05:00 P.M | | |
| 8 | निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पष्चिम, राँची। | | |
| 9 | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2491247 | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट-बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,
राँची पश्चिम, राँची।

PR 280928Drinking Water and Sanitation(22-23)#D


## बैंक ऑफ इंडिया मांडर ब्रांच व नाबार्ड के तत्वधान में मेगा कृषि ऋण शिविर का हुआ आयोजन

# 300 लाभुकों के बीच 2 करोड़ 42 लाख रुपये के ऋण का हुआ वितरण

**नवीन मेल संवाददाता**




**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर में बैंक ऑफ इंडिया मांडर ब्रांच एवं नाबार्ड के तत्वधान में मेगा कृषि ऋण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 300 लाभुकों को 2 करोड़ 42 लाख रुपया का ऋण वितरण किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, क्षेत्र महाप्रबंधक ज्ञान रंजन सारंगी, श्रीमती सुनीता कुमारी यादव, सहायक महाप्रबंधक, अंचल कार्यालय रांची, मुकेश कुमार सिंह, उप क्षेत्र प्रमुख रांची एवं ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर शमा परवीन, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी सुलेमान मुंडरी, अंचल पदाधिकारी विजय हेमराज खलखो, रोबाब नगमा शाखा प्रबंधक इटकी, कुरू ब्रांच के अधिकारी वीरेंद्र कुमार, रातु ब्रांच के अधिकारी, विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवम बीसी उपस्थित थे। शिविर में आए गणमान्य अतिथियों का रल्ऋ ग्रुप की महिलाओं के द्वारा पारंपरिक नृत्य के साथ स्वागत किया गया। सभी अतिथियों एवं किसानों का मुकेश कुमार सिंह, क्षेत्र प्रमुख रांची के द्वारा स्वागत किया गया। सभा में मुख्य अतिथि मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को आर्थिक सहयोग के साथ प्रशिक्षण पर बल दिया। नाबार्ड के अधिकारी मो. आफताबउद्दीन एवं डोमिनिक लुगुन ने नाबार्ड के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने भी किसानों के एवं प्रखंड के विकास के लिए आए हुए अधिकारी लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा को सफल बनाने में विभिन्न पंचायतों के मुखिया गण, बैंक के बीसी, विभिन्न शाखा के पदाधिकारी, फ्ळ्ड शालिनी सिंह, राजेश रजक, जयंत राहुल बागे, अमिता बाड़ा, फ्ळ्ड मनीषा लकड़ा,नीमा देवी, रिजवाना खातून का अहम योगदान रहा। सभा का संचालन शाखा प्रबंधक रोबिन लकड़ा के द्वारा किया गया।

## देर रात तक हुई मां काली की पूजा रांची के कई जगहों पर किया गया भव्य आयोजन

**रांची।** झारखंड के कई प्रमुख शहरों में दीपावली के साथ- साथ मां काली की पूजा भी धूमधाम से की गयी। राजधानी रांची में भी कई जगहों पर पंडाल बनाये गये और मां काली की पूजा की गयी। देर रात तक मां काली की पूजा हुई। श्रद्धालु भक्ति भाव से मां का आशीर्वाद लेने पहुंचते रहे। पूजा पंडालों में देर रात तक भीड़ नजर आयी। धुर्वा सेक्टर 2 अमर ज्योति क्लब काली पूजा समिति द्वारा देर रात धूमधाम से मां काली की पूजा की गई, जहां देर रात तक पंडालों में भक्तों की भीड़ लगी रही। अमर ज्योति क्लब के सभी सदस्यों ने भक्तो का स्वागत किया। सदस्यों में नीरज कुमार, विकास कुमार, अखिलेश कुमार, गोलू कुमार, विक्की यादव, मिंटू सिंह, सुमंत कुमार, केशव कुमार समेत सभी सदस्य उपस्थित रहे। प.बंगाल के बाद झारखंड भी एक ऐसा राज्य है जहां बड़े पैमाने पर मां काली की पूजा होती है।

## न्यूज गैलरी

### मुखिया के नेतृत्व में चलाया गया मार्ग अतिक्रमण मुक्त अभियान



**बरकट्ठा।** प्रखंड के बेलकपी पंचायत अंतर्गत ग्राम बंडासिंगा में मुखिया ललिता देवी के नेतृत्व में मार्ग अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। बंडासिंगा मोड़ से मॉडल स्कूल जलैहिया तक जेसीबी की सहायता से मुखिया ने निजी खर्च कर मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस निमित ग्रामीणों ने मुखिया को सहयोग की। वहीं मुखिया प्रतिनिधि धीरेंद्र पांडेय ने कहा कि यह मात्र झांकी है और कई काम अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि राजस्व रास्ते पर लोगो ने अतिक्रमण कर रखा है। रास्ते में बड़े बड़े पत्थर रखकर लोगों ने मार्ग को संकीर्ण कर दिया है। इधर छठ पूजा को देखते हुए जलहिया नदी छठ घाट तक रास्ते पर हुए अतिक्रमण को भी हटाया गया। वहीं मुख्य ललिता देवी ने कहा कि आनेवाले समय मे रास्ते की मापी करवाकर पूर्णत :अतिक्रमणमुक्त बनाया जाएगा तथा रास्ते का चौड़ीकरण कर मार्ग की मरम्मती कराई जाएगी ।छठ पर्व को लेकर उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मार्ग को गंदा ना करें क्योंकि इस पर्व में साफ–सफाई का अत्यधिक महत्व होता है ।इस अभियान में नंदू राणा, रवि गोस्वामी, राजू मंडल, सूरज राणा, बबलू पांडेय,रवि कुमार, अमर पांडेय, मनीष जोशी, समेत कई ग्रामीण शामिल थे।

### सात नवंबर तक बिना दंड के भरे जा सकेंगे सेमेस्टर चार के लिए परीक्षा प्रपत्र



**बरही।** स्नातक सेमेस्टर चार के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि घोषित की जा चुकी है। राम नारायण यादव मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विमल किशोर ने बताया कि विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार बिना दंड के साथ 25 अक्टूबर से 7 नवंबर तक परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि घोषित की जा चुकी है। 8 नवंबर से प्रतिदिन 100 विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरे जा सकेंगे। परीक्षा की संभावित तिथि नवंबर के तीसरे सप्ताह बताई गई है। वैसे छात्र जिन्होंने सेमेस्टर 4 की आंतरिक परीक्षा में भाग नहीं लिया है वह परीक्षा प्रपत्र नहीं भर सकेंगे। परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन भरे जा रहे हैं। प्राचार्य ने सभी योग्य विद्यार्थियों को निर्धारित तिथि के अंदर ऑनलाइन परीक्षा प्रपत्र भरने का निर्देश दिया है।

### कटकमसांडी में हर्षोल्लास के साथ की गयी गोवर्धन पूजा

**कटकमसांडी।** कटकमसांडी प्रखंड के बरगड्डा राधाकृष्ण मंदिर में हर्षोल्लास के साथ गोवर्धन पूजा मनायी गयी। इस दौरान भक्तों ने भगवान कृष्ण को 56 भोग लगाया गया। पूजा में बतौर यजमान बरगड्डा पंचायत के पूर्व मुखिया आरती देवी और उनके पति समाजसेवी चौधरी यादव ने भाग लिया। वहीं आचार्य के रूप मे प्रदीप पांडेय, अशोक पांडेय, प्रभु पांडेय, पुरुषोत्तम पांडेय, संजय पांडेय, अजय पांडेय की देखरेख में गोवर्धन पूजा वैदिक विधि विधान से कराई गई। यज्ञ पूजा एवं आरती के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया साथ ही भंडारा का भी आयोजन हुआ। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### जीएम संध्या कॉलेज में फुटबॉल मैच का आयोजन

**इचाक।** जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय, इचाक में विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के तत्वावधान में इंटर कॉलेज फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मैच तीन और चार नवंबर को गिरिडीह में खेला जाएगा। जिसके लिए जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय के खिलाड़ियों के बीच ट्राइल मैच का आयोजन किया गया। जिसमे 46 प्रतिभागियों ने भाग लिया। खेल के बाद 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो तीन और चार नवंबर को गिरिडीह में जौहर दिखाएंगे। चयनकर्ता टीम में रत्नेश कुमार राणा, उमेश शर्मा, दयानंद कुमार यादव, विनय कुमार मेहता, दीपेंद्र कुमार को रखा गया था। प्राचार्य विनय कुमार ने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए खेल को खेल की भावना से खेलने की सलाह दी।

### प्रकाश यादव मलकोको पंचायत के अध्यक्ष व मुस्तकीम सचिव मनोनित



**बरही।** भारत जोड़ो यात्रा के तहत बुधवार को मलकोको पंचायत में प्रकाश यादव को कांग्रेस पार्टी ने मलकोको पंचायत अध्यक्ष एवं मुस्तकीम अंसारी को सचिव मनोनित किया है। इनका मनोनयन प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी की अध्यक्षता में उपस्थित लोगो ने सर्वसम्मति से किया। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस गरीब, किसान, नौजवान, मजदूर और आम जनता की आवाज उठाती है। कांग्रेस एक पार्टी ही नहीं बल्कि विचारधारा है। कांग्रेस में सभी का हित सुरक्षित है। राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा पूरे देश में चलायी जा रही है। जो झारखंड के 24 जिलों के प्रखंड से पंचायत और पंचायत से गांव तक लोगों को भारत जोड़ो यात्रा के माध्यम से जोड़ा जायेगा। इस दौरान फखरुद्दीन, कुद्दुस अंसारी, वसीम अंसारी, सरफराज अंसारी, नसीम अंसारी, सेराज अंसारी, जुमरीति मियां, जावेद अख्तर, प्रदीप यादव, नीलेश यादव, कुर्बान मियां सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### ओरिया में धूमधाम से हुई मां लक्ष्मी पूजा

**हजारीबाग।** सदर प्रखंड के ओरिया के दुर्गा मंडप में सार्वजनिक लक्ष्मी पूजा समिति की ओर से आयोजित मां लक्ष्मी की पूजा धूमधाम व हर्षोंउल्लास के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा विधि–विधान से स्थापित की गयी थी। मां लक्ष्मी के मंत्रोच्चारण के साथ पूजा संपन्न करायी गयी। पूर्ण सज्जा–सजावट व आकर्षक लाइटों से मंडप को सजाया गया। पूजा संपन्न होने के बाद मां लक्ष्मी की प्रतिमा का शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शोभायात्रा विभिन्न चौक–चौराहा व मार्ग तक घूमाया गया। कई श्रद्धालुओं ने चौक–चौराहा पर मां लक्ष्मी की प्रतिमा का अंतिम दर्शन कर नमन किया। शांति व सौहार्द्र वतावरण के साथ भक्ति गीतों में श्रद्धालूगण झूमते–नाचते–गाते व जयकारा लगाते हुए हेठली तालाब में मां लक्ष्मी की प्रतिमा विर्सजित की।

---

### हुहुवा में सोहराय जतरा मेला सह बरद खूटा कार्यक्रम सम्पन्न

# सोहराय पर्व पशुधन के प्रति आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है : चंद्रप्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सोहराय पूजा के शुभ अवसर पर 26 अक्टूबर को नगर परिषद क्षेत्र के हुहुवा में सोहराय जतरा मेला सह बरद खूटा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी,विशिष्ट अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो एवं सम्मानित अतिथि जिप सदस्य धनेश्वर महतो,वार्ड पार्षद देवधारी महतो,रोशन कुमार, किशुनराम मुंडा उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र महतो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में बरद को पारम्परिक तरीके से सजाकर खूंटा में बांधकर ढोल नगाडा बजाकर नचाया गया। मौके पर गिरिडीह सांसद चन्द्रप्रकाश चौधरी ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व पशुधन के प्रति आभार व्यक्त करने को मनाया जाता है। गाय से जहां दूध की प्राप्ति होती है। वहीं, बैल व काड़ा खेती में सहयोग करते हैं। खेती का कार्य संपन्न होने के बाद यह पर्व मनाते हुए बैल व काड़ा को इसलिए नचाया जाता है,ताकि उनका रक्त संचार सुव्यवस्थित हो। इसके पूर्व फुटबॉल का फाइनल मैच हेसला एवं हुहुवा के बीच खेला गया , जिसमें हेसला की टीम बेहतर प्रदर्शन कर विजय हुई। विजेता एवं उपविजेता टीम को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर अरविन्द महतो, राजेश महतो, कैलाश महतो, पुरुषोत्तम कुमार, करण कुमार, महेन्द्र चौधरी, अरुण महतो, कमिटी अध्यक्ष रामवृक्ष महतो, सचिव उमेश महतो, कोषाध्यक्ष लालबाबू मुंडा, उपाध्यक्ष सुजीत मुंडा, सहसचिव सूरज साव, उपकोषाध्यक्ष विजय महतो, गोविंद महतो, प्रकाश बेदिया, रूपदेव मुंडा, दयानन्द महतो, निरंजन महतो, पिंटू, सुंदर महतो, किशोर कुमार, कौशिक महतो, ब्रह्मानंद पटेल, गोपी मुंडा, बासुकी मुंडा, मनोज मुंडा, रूपेश बेदिया, उज्ज्वल महतो आदि उपस्थित थे।



### गोवर्धन पूजा को लेकर मेले का आयोजन पूर्व विधायक ने किया मेले का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड़ क्षेत्र के जतघघरा में पूर्व की भांति गोवर्धन पूजा को लेकर एक दिवसीय मेला का आयोजन किया गया ।मौके पर पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव उपस्थित हुए तथा फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के शुभारंभ में गायों की पूजा की गई ।वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि गोवर्धन पूजा में गोधन अर्थात गायों की पूजा की जाती है। शास्त्रों में बताया गया है कि गाय उसी प्रकार पवित्र होती है जैसे नदियों में गंगा। गाय को देवी लक्ष्मी का स्वरूप भी कहा गया है। देवी लक्ष्मी जिस प्रकार सुख समृद्धि प्रदान करती हैं उसी प्रकार गौ माता भी अपने दूध से स्वास्थ्य रूपी धन प्रदान करती हैं। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र मोदी, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बेडोकला बीरेन्द्र यादव,पंसस बरकनगांगो मनोज कुमार यादव,वार्ड सदस्य विष्णुदेव यादव, दीपक यादव,जगलाल यादव, मथुरा यादव, जोभा यादव, गाजो यादव, रंजीत यादव, अशोक यादव, संजय यादव, फुलांगी यादव, शिक्षक केदार राम, मथुरा पासवान, राजू गोप, केदार यादव, किशोर मोदी,सुभाष यादव, प्रकाश यादव, रतन पासवान, मुना पासवान, रामजी यादव, संजय यादव समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ के नव निर्वाचित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण समारोह आयोजित

## मानिक जैन पाटनी ने अध्यक्ष के तौर पर पदभार किया ग्रहण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** श्री दिगंबर जैन समाज रामगढ़ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन 26 अक्टूबर को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष रमेश सेठी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन विनोद जैन ने किया। समारोह में अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करते हुए मानिक जैन पाटनी ने सभी उपस्थित सदस्यों का अभिवादन करते हुए उन्हें दीपावली की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह आप सबों के आशीर्वाद का परिणाम है कि मैं आज अध्यक्ष के रूप में संबोधित कर रहा हूं। श्री पाटनी ने कहा कि यह अवसर प्रदान करने के लिए टीम के सभी सदस्यों का मैं आभार प्रकट करता हूं। कहा कि निवर्तमान अध्यक्ष रमेश सेठी ने अपने कार्यकाल के दौरान जिस दृढ़ता के साथ कार्य किया उसकी जितनी भी प्रशसा की जाए वह कम होगी। अध्यक्ष मानिक जैन पाटनी ने कहा कि निवर्तमान सचिव विनोद रावका, कोषाध्यक्ष जीवन मल पाटनी तथा कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों ने अपने कार्यकाल में समाज हित में अनेक कार्य किये हैं।इसके लिए वे बधाई के पात्र हैं।



**सामूहिक प्रयास से 12 वर्षों में समाज के भव्य मंदिर का हुआ निर्माण :** अध्यक्ष ने संबोधन के दौरान कहा कि पिछले 12 वर्ष में कई तरह की आपदाएं आईं, पर समाज के लोग एकजुट रहे और समाज के मंदिर निर्माण का कार्य जारी रखा। जिसका परिणाम है कि समाज के भव्य मंदिर का निर्माण पूर्ण हुआ। एक वर्ष पूर्व समाज के भव्य मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हुआ।

नव निर्वाचित अध्यक्ष मानिक जैन पाटनी ने कहा कि इतिहास से हम सबों को काफी कुछ सिखने को मिलता है। इसलिए इतिहास का हमेशा सम्मान करना चाहिए ।कहा कि आज के संदर्भ में हमारे बुजुर्ग हमारा इतिहास है, इसलिए हम लोग एक सीनियर सिटीजन एडवाइजरी कमेटी का निर्माण करेंगे। ताकि वह समय-समय पर अपना सुझाव एवं मार्गदर्शन हमें दें सके। जिससे समाज का त्रुटिहिन कार्य हो सके। उन्होंने कहा युवा शक्ति के बिना हर काम अधूरा है सभी सामाजिक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी बहुत ही जरूरी है। इसलिए शीघ्र ही एक सशक्त सुसंगठित युवा संगठन का भी हम निर्माण करेंगे ताकि उनकी समाज के कार्यों में सहभागिता सुनिश्चित कि जा सके। कहा कि बात पूरे समाज की हो और महिलाओं की बात ना हो तो समाज अधूरा रह जाता है। हमारे समाज के सभी कार्यों में महिलाएं बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। उनकी भागीदारी के बिना सभी कार्य अधूरे है। अतः हम शीघ्र ही एक सशक्त महिला संगठन का निर्माण किया जाएगा ताकि महिलाएं संगठित होकर समाज के कार्यों में अपनी भागीदारी दे सकें।

**पदभार ग्रहण समारोह में हुए शामिल :** मौके पर रमेश सेठी, नागरमल जैन, विनोद जैन, जम्बू जैन, जीवन जैन, अरविन्द सेठी, ललित चूड़ीवाल, राजू पाटनी, देवेंद्र गंगवाल, विकाश रापड़िया, पदम चंद जैन, राजू सेठी, निशांत सेठी, मनोज काला, सौरभ अजमेरा, सरवन सेठी, महेंद्र बागरा, प्रदीप पाटनी, अंकित जैन, मांगीलाल चूड़ीवाल, अशोक जैन, अशोक सेठी, प्रकाश अजमेरा, मनोज जैन, सुभाष जैन, विनोद खोवाले, पदम चंद सेठी, नीरज सेठी सहित समाज अन्य लोग शामिल हुए।

### आश्वासन के बाबजूद भी पूरा नहीं हुआ सड़क निर्माण कार्य, जारी है दुर्घटनाओं का सिलसिला

## सर्विस रोड सहित चौड़ीकरण कार्य शीघ्र पूरा हो : राजेंद्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही।** जीटी रोड चौड़ीकरण कार्य आज भी अधूरा है। सड़क निर्माण कर रहे कंपनियों के द्वारा जहां-तहां सड़क को काटकर या अर्धनिर्मित छोड़कर दुर्घटनामय बना दिया गया है। जहां आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। चिंता जाहिर करते हुए धनवार पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि विगत वर्ष सड़क निर्माण कर रहे कंपनियों के अधिकारियों ने एनएचएआई के अधिकारियों के समक्ष निर्माण कार्य एक वर्ष के पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। बावजूद करियातपुर, बरसोत, पंचमाधव आदि कई जगहों पर सड़क को अर्द्ध निर्मित छोड़ दिया गया है। जहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है एवं प्रत्येक दिन एक नई दुर्घटनाओं को आशंका बनी रहती है। सड़कों पर गड्ढे बन गए है। उन्होंने बताया कि दीपावली की रात करियातपुर में एक 10 चक्का गाड़ी पलट जाने से बड़ी दुर्घटना होते होते बची। उन्होंने कहा कि राजमार्ग पर सुविधाओं को दुरुस्त रखने के लिए भारी भरकम टोल वसूलने वाली कंपनी का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। सर्विस रोड अधूरा रहने के कारण बाईक सवार व राहगीरों को पैदल चलना भी दूभर है। उन्होंने एनएचएआई तथा संबंधित अधिकारियों से जल्द से जल्द सर्विस रोड निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की है ताकि राहगीरों एवं छोटे बड़े वाहनों को किसी प्रकार की समस्या न हो तथा भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न घटीत हो सके।

### दो कार की जोरदार टक्कर, खड़े व्यक्ति को टक्कर मारने से गंभीर रूप से घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बुधवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत झंडा चौक के समीप दो कार की टक्कर हुई, वहीं खड़ा व्यक्ति को एक कार ने जाकर टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान इमरान अंसारी ( उम्र 35 वर्ष पिता मो सलीम, रांची ) के रूप मे हुई है। मिली जानकारी के अनुसार स्विफ्ट डिजायर कार बिहार से कोडरमा की तरफ आने के क्रम में कोडरमा झंडा चौक के समीप विपरीत दिशा से एक कार आकर जोरदार टक्कर मार देने से टक्कर होने के बाद एक व्यक्ति खड़ा जो एक कार जाकर एक व्यक्ति को टक्कर मार देने से व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद आनन-फानन में इसकी सूचना पुलिस को मिलने के बाद पुलिस पहुंचकर दोनों गाड़ी को जब्त करके थाना परिसर में रखा और घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया।

### भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा की सार्थक पहल

## लगातार दसवीं बार व्रतियों के बीच संपूर्ण पूजन सामग्री का हुआ वितरण : अमित साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सानिध्य में माता वैष्णो देवी मंदिर के समीप 21 छठ व्रती माताओं एवं बहनों के बीच संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू ने बताया कि आज दसवीं बार छठ व्रती माताओं बहनों के बीच संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण किया जा रहा है। इसके पूर्व कई अन्य सामाजिक संगठनों द्वारा इस पावन कार्य को पूरा किया गया है। श्री साहू ने बताया कि आज भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सभी सम्मानित सदस्यों के सकारात्मक एवं सराहनीय प्रयास एवं आर्थिक सहयोग से छठ व्रती माताओं एवं बहनों के बीच संपूर्ण पूजन सामग्री का वितरण किया गया है। अब जरूरतमंद छठ व्रती माता एवं बहनें खुशी खुशी इस पावन त्यौहार को मनाएंगे। भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा का अंतिम जरूरतमंद माताओं एवं बहनों तक पहुंचने का जो लक्ष्य है इस पावन कार्य से अपने लक्ष्य तक पहुंचने का एक सार्थक प्रयास है। संपूर्ण पूजन सामग्री वितरण समारोह की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष गोविंद मेवाड़ ने किया। समारोह का संचालन उपाध्यक्ष मनमोहन सिंह लांबा ने किया। मौके पर मुख्य रूप से भारत विकास परिषद रामगढ़ शाखा के सचिव डॉ अलोक रत्न चौधरी, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, संगठन मंत्री निलेश कुमार गुप्ता, सम्मानित सदस्य रामप्रवेश गुप्ता, सुरेंद्र पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

## जुआ खेलते डोमचांच नगर पंचायत उपाध्यक्ष समेत 12 गिरफ्तार, सात लाख नगद बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** जिले के तिलैया थाना अंतर्गत विद्यापुरी में जुआ खेलते डोमचांच नगर पंचायत के उपाध्यक्ष समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कई जुआरी पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार विद्यापुरी स्थित गौरी भगत के आवास पर बड़े पैमाने पर जुए का खेल चल रहा था। एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के बाद तिलैया थाना पुलिस की टीम ने यहां छापेमारी की और रंगे हाथ जुआ खेलते 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में डोमचांच नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पप्पू मेहता के अलावा गुड्डू बहादुर, संतोष यादव, अंकुर सिंह, कुणाल चौधरी, छोटू, गौरी भगत, सोनू, अमिताभ और अन्नू शामिल हैं। मौके से सात लाख रुपये से अधिक नकद भी बरामद किए गए हैं। हर साल की तरह इस दीपावली में भी तिलैया थाना क्षेत्र में कई जगहों पर बड़े पैमाने पर 52 पत्ती के खेल की सूचना पुलिस को लगातार मिल रही थी। इसी दौरान मंगलवार देर रात लगभग 1.30 बजे जब पुलिस गौरी भगत के आवास पहुंची, तो वहां जुआ का खेल चल रहा था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों को फिलहाल तिलैया थाना में हिरासत में रखा गया है। वहीं छापेमारी के दौरान फरार हुए जुआरियों की पहचान की जा रही है। मामले में तिलैया थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

### रंगोली बनाओ प्रतियोगिता में बेहतर करने वाले विद्यार्थियों को डीएवी ने किया सम्मानित




**बरही।** दीपावली के अवसर पर डीएवी में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक आकृति बनाकर कई महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। किसी ने विभिन्न रंगों पर आधारित रंगोलियां सजाई तो किसी ने पर्यावरण और स्वच्छता का संदेश देते हुए रंगोली की आकर्षक आकृति बनाई। प्रत्येक रंगोली समाज के बीच एक संदेश परोस रहा था। प्रतियोगिता में विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने रंगोली के माध्यम से बेहतर प्रस्तुति देते हुए उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य अशोक कुमार सिंह ने कहा कि दीपावली हमारे जीवन में अंधकार रूपी अज्ञानता, कष्ट ,दुख आदि का नाश कर सुख और समृद्धि की रौ शनी फैलाता है। रंगोली प्राकृतिक छटा के साथ वातावरण की सुंदरता को प्रस्तुत करने का प्रयास हैं। उन्होंने तमसो मा ज्योतिर्गमय के सार को बताते हुए जीवन में सदैव चरितार्थ करने की बात कही। अंत में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका एवं कर्मचारियों ने बेहतर भूमिका निभाई।

### झूठी दुनिया से मन को हटा ले ध्यान मैया जी के चरणों में लगा ले .... पर झूमे श्रद्धालु

# जागरण जैसे आयोजन होने से आपसी प्रेम और सदभावना बनी रहती है : शालिनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** काली पूजा समिति देवी मंडप द्वारा 48वां वार्षिकोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। बुधवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। देर शाम प्रतिमा का विसर्जन किया गया। समिति के अध्यक्ष राजेश भगत, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कौशिक, संरक्षक रजनीश कुमार, विकास सिन्हा, मनोज यादव, मनोज सिंह, विमल शर्मा ने बताया कि यहां तीन दिनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार की रात में निशा पूजा व अन्य पूजा की गई। इसमें नगर के विभिन्न इलाकों से भक्त पहुंचे। मंगलवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सामंतो काली महिला मंडल की गायिकाओं ने भजन प्रस्तुत किए। मौके पर पूनम सेठ ने झूठी दुनिया से मन को हटा ले, ध्यान मैया जी के चरणों में लगा ले, नसीबा तेरा जाग जाएगा.., सुनीता लाल ने कौन जगेगा सारी रात मां के जगराते में.., सरोजिनी देवी ने अंबे तू है जगदंबे.., सुमन पांडेय के द्वारा मैया का चोला लाल, लाल.., तथा मीना पांडेय ने किसने सजाया है मैया, बड़ी प्यारी लागे.. प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता शामिल हुई। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जागरण जैसे आयोजन होने से आपसी प्रेस भाव विकसित होता है। धर्म के प्रति लोग जागरुक होते हैं। उन्होंने कहा कि मां काली की असीम कृपा व शक्ति से मानव सामज को सुख और समृद्धि मिलती है। मां काली शक्ति की देवी है और सच्चे मन से पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है। मौके पर फूल कुमारी भारती, पूनम वर्णवाल, शीला जायसवाल, रेखा यादव, मंगला जायसवाल, मालती देवी, रेखा देवी मौजूद थीं।



### विधायक संग कांग्रेसी नेता भी हुए शामिल भाजपा नेता की अंतिम यात्रा में, दी श्रद्धांजली



**बरही।** भाजपा नेता सिकंदर निषाद की आकस्मिक निधन की सूचना पर विधायक उमाशंकर अकेला अन्य कांग्रेसी नेता उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पहुंचे। सुख संतप्त परिजनों को सांत्वना देते हुए आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया। शोक संवेदना व्यक्त करते हुए भाजपा नेता की आकस्मिक निधन को बरही के राजनीतिक क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति बताई। विधायक के साथ बेंदगी मुखिया सिकंदरा राणा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील चंद्रवंशी आदि सहित कई लोगो ने दिवंगत को श्रद्धांजलि दिया। **कांग्रेस जिला महासचिव भी हुए शामिल :** दिवंगत भाजपा नेता के अंतिम यात्रा में कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव नभी अपने समर्थकों के साथ शामिल होकर श्रद्धांजलि दिया। उनके साथ बरही कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह, सुनील चंद्रवंशी, रंजीत निषाद, गुड्डू निषाद, सतीश निषाद आदि मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### अंतरजातीय विवाह करवाना 22 वर्षीय युवती को पड़ा भारी, भाइयों ने गोली मारकर उतारा मौत के घाट



**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले के सजौर थाना अंतर्गत चंद्रमा गांव में अंतरजातीय विवाह कर लेने पर एक युवती (22) की उसके दो भाइयों और चाचा ने गोली मारकर कथित तौर पर हत्या कर दी। भागलपुर के नगर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि पुलिस ने युवती शिवानी सोलंकी के चाचा अभय सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और उसके चचेरे भाई रोशन सिंह एवं सगे भाई साहिल सिंह की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। ऐसा बताया जा रहा है कि शिवानी ने कुछ दिन पहले अपने प्रेमी के साथ भागकर देवघर में शादी कर ली थी और वह अपने घर से अलग रह रही थी, लेकिन दिवाली के मौके पर युवती की मां ने उसे घर बुलाया और उसके घर आने पर गोली मारकर उसकी कथित तौर पर हत्या कर दी गई। वहीं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बताया कि मामले को लेकर युवती के परिजन चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

### समस्तीपुर में वाहन चालक की गोली मारकर हत्या

**समस्तीपुर (एजेंसी)।** बिहार में समस्तीपुर जिले के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह अपराधियों ने वाहन चालक मोहम्मद दुलारे की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि जिले के रतवारा गांव निवासी मोहम्मद दुलारे मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहा था तभी बाइक सवार तीन अपराधियों ने उसकी गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों ने बताया कि मोहम्मद दुलारे हैदराबाद में रहकर ड्राइवर का काम करता था और छूटी पर घर आया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

### छत्तीसगढ़ के सरिया में पाकिस्तानी झंडा लगाने वाला फल विक्रेता गिरफ्तार

रायगढ़/सारंगढ़, छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ जिले के सरिया थाना क्षेत्रों में एक फल विक्रेता के घर पाकिस्तानी झंडा लगने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फल विक्रेता के घर से पाकिस्तान का झंडा बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। सारंगढ़ एसडीओपी मनीष कंवर ने बताया कि सरिया के अटल चौक स्थित एक फल विक्रेता मुस्ताक ने अपने घर के ऊपर छत पर इस्लामिक झंडा लगाना बताया, लेकिन वह इस्लामिक झंडा न होकर पाकिस्तानी झंडा है। पुलिस को सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंचकर झंडे की पुष्टि की गई, तो झंडा हुबहु पाकिस्तानी झंडा प्रतीत हुआ, जिसे पुलिस ने निकाल कर जब्त कर लिया और फल विक्रेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 153–क के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है।

### गया-धनबाद रूट पर मालगाड़ी के 53 डिब्बे बेपटरी, रेल यातायात प्रभावित



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के गया जिले में गया–धनबाद रूट पर गुरपा स्टेशन पर बुधवार सुबह छह बजे एक मालगाड़ी बेपटरी हो गई। 58 डिब्बों वाली इस मालगाड़ी के डिरेल होने से 53 डिब्बे क्षतिग्रस्त हो गए। यह मालगाड़ी कोयला लेकर जा रही है। डिरेल होने की वजह ब्रेक फेल होना बताया गया है। इस हादसे में रेलवे ट्रैक के किनारे बिजली के कई पोल टूट गए हैं। रेलवे सूत्रों के अनुसार मालगाड़ी के अगले हिस्से में इंजन, एक डिब्बा और पिछले हिस्से के 5 डिब्बे सही सलामत हैं। ड्राइवर और गार्ड भी सुरक्षित हैं। अप और डाउन रेल खंड पर परिचालन रुक गया है। रेलवे के वरीय पदाधिकारी मौके के लिए रवाना हो चुके हैं। यह मालगाड़ी कोडरमा से गया जा रही थी।

### सीएम नीतीश ने छठ महापर्व की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का किया निरीक्षण, कहा

# घाटों पर साफ-सफाई व स्वच्छता की रखें पूरी व्यवस्था



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ की तैयारियों को लेकर सड़क मार्ग से विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान जेपी गंगा पथ से होते हुए दीघा के पाटीपुल घाट, जेपी सेतु घाट, 93 घाट, 83 घाट, बालूपर घाट, कुर्जी घाट, एलसीटी घाट, पहलवान घाट, अंटा घाट और कलेक्ट्रेट घाट का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने दीघा के पाटीपुल घाट पर रुककर वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री जेपी गंगा पथ पर रुककर 93 घाट और कलेक्ट्रेट घाट की स्थिति का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने घाटों की सफाई, सुरक्षा एवं स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छठ व्रतियों को अर्घ्य देने में कोई परेशानी न हो, इसकी व्यवस्था सुनिश्चित करें। छठ व्रतियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए छठ घाटों के पास मजबूत बैरिकेडिंग करवाएं। घाटों पर साफ-सफाई एवं स्वच्छता की पूरी व्यवस्था रखें। घाटों के पहुंच पथ एवं गंगा नदी के किनारों की सड़कों के पास छठ व्रतियों के सुचारू आवागमन का प्रबंध करवाएं। छठ व्रतियों की सुरक्षा के साथ-साथ उनकी सुविधाओं का विशेष ख्याल रखें ताकि उन्हें अर्घ्य देने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो।

**निरीक्षण के दौरान सीएम के साथ ये मंत्री रहे मौजूद :** निरीक्षण के दौरान वित्त सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य मनीष कुमार वर्मा, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक एसके सिंघल, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद, पथ निर्माण सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राकेश राठी, जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त अनिमेश पराशर और वरीय पुलिस अधीक्षक मानवजीत सिंह ढिल्लो सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

**नीतीश कुमार ने अधिकारियों को दिए ये निर्देश :** इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वो लोगों के बीच प्रचारित कर इस बात की जानकारी दें कि कौन से छठ घाट पर बेहतर इंतजाम किया गया है ताकि छठ व्रती इसके बारे में जान सकें और वहां सुविधापूर्वक पहुंच सकें। लोगों के लिए काम में हम हमेशा लगे रहते हैं। वर्ष 2006 से ही छठ घाटों का निरीक्षण करते रहे हैं ताकि छठ व्रतियों को हर प्रकार की सहूलियत मिले।

### छठ व्रतियों के लिए परेशानी: जहानाबाद के दरधा-यमुना संगम घाट पर लगा गंदगी का अंबार, प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान



**जहानाबाद (एजेंसी)।** लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा में महज अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं, बावजूद इसके जहानाबाद में छठ घाटों की साफ-सफाई शुरू नहीं हुई है। शहर के दरधा-यमुना संगम घाट पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। घाट के किनारे नदी में भी काफी गंदगी है। ऐसे में व्रतियों को छठ में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं इन घाटों पर इतने कम दिनों में किस स्तर की साफ-सफाई होगी इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। इन छठ घाटों पर नगर परिषद की ओर से साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्था की जाती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि दरधा-यमुना संगम घाट शहर का प्रमुख घाट है। यहां दूर दराज से हजारों की संख्या में छठव्रती भगवान को अर्घ्य देने आते हैं। लोगों का कहना है कि घाट की सफाई को लेकर कई बार जिलाधिकारी से भी बात की गई है, बावजूद इसके अभी तक सफाई नहीं हुई। इधर, नगर परिषद के कर्मी का कहना है कि घाट की सफाई हुई थी लेकिन लक्ष्मी पूजा के बाद मूर्ति और कलश का विसर्जन करने से घट पर गंदगी लगी है। छठ व्रतियों को घाट पर किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी इसके लिए साफ सफाई युद्ध स्तर पर की जाएगी।

## कायस्थ परिवार के लोग धूमधाम से करते हैं कलम के आराध्य देव चित्रगुप्त की पूजा, पुरुषों द्वारा निभाई जाती है मुख्य रस्में



**पटना (एजेंसी)।** कायस्थ परिवार के लोग कलम के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त की पूजा धूमधाम के साथ करते हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कायस्थ जाति को उत्पन्न करने वाले भगवान चित्रगुप्त का जन्म यम द्वितीया के दिन हुआ। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को भगवान चित्रगुप्त की पूजा की जाती है। हिंदू धर्म में चित्रगुप्त जी की पूजा का विशेष महत्व है। वह कायस्थों के आराध्य देव हैं। भगवान चित्रगुप्त ब्रह्मदेव की संतान हैं। वह ज्ञान के देवता हैं। उनको यमराज का सहायक देव माना जाता है। यमलोक के राजा यमराज को कर्मों के आधार पर जीव को दंड या मुक्ति देने में कोई समस्या न हो, इसलिए चित्रगुप्त भगवान हर व्यक्ति के कर्मों का लेखा-जोखा लिखकर, यमदेव के कार्यों में सहायता प्रदान करते हैं। चित्रगुप्तजी का जन्म ब्रह्मदेव के अंश से न होकर संपूर्ण काया से हुआ था इसलिए चित्रगुप्त जी को कायस्थ कहा गया।

**इस वर्ष आज की जाएगी चित्रगुप्त की पूजा**

वहीं पुण्य-पाप का लेखा-जोखा रखने वाले भगवान चित्रगुप्त की पूजा इस वर्ष 27 अक्टूबर को की जाएगी। कायस्थ, पूजा के दिन भगवान चित्रगुप्त के साथ ही कलम और बहीखाते की भी पूजा करते हैं। क्योंकि ये दोनों ही भगवान चित्रगुप्त को प्रिय हैं। इसके साथ ही अपनी आय-व्यय का ब्योरा और घर परिवार के बच्चों के बारे में पूरी जानकारी लिखकर भगवान चित्रगुप्त को अर्पित की जाती है। एक प्लेन पेपर पर अपनी इच्छा लिखकर पूजा के दौरान भगवान चित्रगुप्त के चरणों में अर्पित करते हैं। चित्रगुप्त पूजा की रस्में मुख्य रूप से पुरुषों द्वारा निभाई जाती हैं और पूरा परिवार साथ में पूजन करता है। इस दिन परिवार के लोग कलम और दवात का इस्तेमाल नहीं करते।

## तृणमूल के दो गुटों में संघर्ष, पांच घायल



**कूचबिहार (एजेंसी)।** जिले के दिनहाटा-2 प्रखंड के शुक्रुरकुठी ग्राम पंचायत इलाके में तृणमूल के दो गुटों में संघर्ष होने का मामला बुधवार को सामने आया है। मंगलवार रात हुई इस संघर्ष में दोनों गुटों के कम से कम पांच लोग घायल हो गए है। इनमें से दो का इलाज दिनहाटा महकमा अस्पताल में चल रहा है। जबकि तीन को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, यह हंगामा तृणमूल के दिनहाटा-2 प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष विष्णु कुमार सरकार के समर्थकों और पार्टी के मौजूदा अध्यक्ष दीपक कुमार भट्टाचार्य के समर्थकों के बीच ग्राम पंचायत की सत्ता पर कब्जा को लेकर हुई है। विष्णु के समर्थकों के अनुसार वे बीती रात एक स्थानीय चाय की दुकान पर बैठे थे। तभी कुछ बदमाश तृणमूल के झंडे लेकर आए और उनकी पिटाई कर दी। वहीं, मौजूदा प्रखंड अध्यक्ष दीपक भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि शुक्रुरकुठी बाजार में कुछ बदमाशों ने हंगामा किया। उसके बाद तृणमूल कांग्रेस के कार्यकताओं को पीटा गया। पूरी घटना की जानकारी साहेबगंज थाने की पुलिस को दे दी गई है। साहेबगंज थाने की पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## गोवर्धन पूजा पर गोवर्धन पर्वत और श्री कृष्ण की होती है पूजा



**पटना (एजेंसी)।** गोवर्धन पूजा पर गोवर्धन पर्वत और भगवान श्री कृष्ण की पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा को अन्नकूट पूजा भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा को यह पूजा करने से व्यक्ति पर भगवान श्री कृष्ण की कृपा सदैव बनी रहती है। इस दिन भगवान कृष्ण को 56 भोग के प्रसाद चढ़ाए जाते हैं।

**गोवर्धन पूजा को 'अन्नकूट पूजा' भी कहा जाता है :** गोवर्धन पूजा के दिन घर में किसी जगह ज्यादातर आंगन में गोबर से गोवर्धन पर्वत, गायों और ग्वालों की आकृति बनाकर पूजा-अर्चना की जाती है। साथ ही परिक्रमा कर छप्पन भोग का प्रसाद बांटा जाता है। इस दिन अन्नकूट बनाने का भी खास महत्व है, इसलिए इसे 'अन्नकूट पूजा' भी कहा जाता है। इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने इंद्र का अभिमान चूर कर बृजवासियों की रक्षा की थी, इसलिए इस दिन भगवान श्री कृष्ण की पूजा का भी विशेष महत्व है।

**गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से मिलता है विशेष फल :** गोवर्धन पूजा पर गोवर्धन पर्वत और भगवान श्री कृष्ण की पूजा की जाती है। इस दिन मंदिरों में श्रद्धालु भगवान श्री कृष्ण की पूजा करते हैं और गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा करने से विशेष फल प्राप्त होता है। लोग घरों में गोबर से गोवर्धन पर्वत बनाकर जल, मौली, रोली, चावल, फूल, दही और दीप जलाकर पूजा अर्चना करते हैं। गोवर्धन पूजा के दिन गायों की पूजा भी की जाती है। फिर गायों को मिठाई खिलाकर उनकी आरती उतारकर प्रदक्षिणा की जाती है।

## चाहकर भी दुश्मन अनंत सिंह की पत्नी के लिए प्रचार से मना नहीं कर पाये नीतीश!



**मोकामा (एजेंसी)।** जिस ललन सिंह के कारण आज मोकामा के बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह जेल में हैं, वही ललन सिंह बुधवार को अनंत सिंह की पत्नी के लिए चुनाव प्रचार करने मोकामा पहुंच रहे हैं। अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी भी वही हैं जिन्होंने पिछले संसदी चुनाव में ललन सिंह के खिलाफ लोकसभा इलेक्शन लड़ा था। यह भी खबर है कि जिस नीतीश कुमार को, सजा मिलने के बाद अनंत सिंह ने खुलेआम मीडिया के सामने गालियां दी थी, अब नीतीश कुमार उसी अनंत सिंह की पत्नी के लिए वोट मांगने मोकामा जायेंगे।

**ललन सिंह बुधवार से मोकामा में करेंगे कैंप :** बिहार की राजनीति में एकसाथ ये इतने सारे संयोग यही साबित करते हैं कि सियासत में कोई किसी का स्थाई न दोस्त होता है, न दुश्मन। अनंत सिंह को कोर्ट ने एके-47 मामले में दस साल की सजा सुनाई थी जिसके बाद उनकी विधायकी रद हो गई। बाहुबली अनंत सिंह पहले तो ललन सिंह के ही खासमखास थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से दोनों के बीच की अदावत किसी से छिपी नहीं रही।

**महागठबंधन में कमजोर नीतीश की मजबूरी :** अनंत सिंह ने मीडिया के सामने स्पष्ट कहा कि जेडीयू के लोगों ने ही उनके घर पर हथियार रखवाकर उनको फंसवाया। यहां तक कि उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश को भी गालियां बकीं। लेकिन चूंकि अब राजद ने बतौर महागठबंधन प्रत्याशी अनंत सिंह की पत्नी को टिकट दिया है तो नीतीश और ललन के लिए अपने दुश्मन की पत्नी के प्रचार के लिए जाना मजबूरी बन गया है। चूंकि महागठबंधन में नीतीश और जदयू की स्थिति राजद के मुकाबले कमजोर है इसलिए वे चाहकर कर भी इससे इनकार नहीं कर सकते।

# सरकारी जमीन से गरीबों का पुनर्वास करके जमीन खाली करायें अधिकारी : योगी



**गोरखपुर (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में भूमि संबंधी विवादों के कारण पीढ़ियों तक चलने वाले मुकदमों से लोगों को न्याय मिलने में हो रहे अतिविलंब पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि जमीन के विवादों का संतुष्टिपरक त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि सरकारी जमीन पर यदि कोई गरीब रह रहा है तो पहले गरीब कल्याण योजना के अंतर्गत पहले उसका पुनर्वास करें, तब जमीन खाली करायी जाये। योगी ने बुधवार को यहां जनता दरबार में आये लोगों की अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद संबंधी होने की बात कहते हुए भूमि एवं राजस्व अधिकारियों से कहा कि किसी भी गरीब की जमीन या सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो पहले उसे शासन की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर उसके व्यवस्थित पुनर्वास की व्यवस्था की जाए। योगी ने जनता दर्शन में फरियादियों से एक-एक कर उनकी समस्याओं को सुना। जनता दर्शन में कई महिलाएं जमीन से जुड़े विवादों में फरियाद लेकर पहुंची थीं। कुछ की शिकायत थी कि दबंग उनकी जमीनों पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। इन शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जमीन कब्जाने में पेशेवर प्रवृत्ति वालों को भू माफिया के रूप में चिन्हित कर सख्ती की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी गरीब की जमीन पर कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करें जो नजीर बने। जमीनी विवादों का समाधान तत्परतापूर्वक इस तरह होना चाहिए जिससे पीड़ित व्यक्ति संतुष्ट दिखे। योगी ने यह भी कहा कि यदि कहीं कोई गरीब सरकारी जमीन पर रह रहा है तो उसके समुचित पुनर्वास के बाद कब्जा खाली कराया जाए। साथ ही लोगों को सरकारी जमीन पर कब्जा न करने के लिए जागरूक किया जाए। मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। सभी मामलों में कार्यवाही होगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधिकारियों और राजस्व आदि से जुड़े मामलों को प्रशासनिक अधिकारियों को इस निर्देश के साथ संदर्भित किया कि ससमय गुणवत्तापूर्ण समाधान कराएं। गंभीर बीमारियों में इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को उन्होंने आश्वस्त किया कि पैसे की तंगी से किसी का भी इलाज नहीं रुकने दिया जाएगा। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि संबंधित मरीज के इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया को पूर्ण कर इसे जल्द से जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। जनता दर्शन के दौरान फरियादियों संग पहुंचे उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार और आशीर्वाद देते हुए चॉकलेट दिया।

### दलहन उत्पादन में उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने में जुटी योगी सरकार

**लखनऊ (एजेंसी)।** योगी आदित्यनाथ सरकार ने अगले पांच सालों में दलहन के उत्पादन में प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। दलहल का उत्पादन प्रदेश की मांग के बराबर हो, इसके लिए विशेषज्ञों की मदद से रबी की मौजूदा फसली सीजन से आने वाले फसली सीजनों में उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने पर जोर रहेगा। इसकी शुरूआत भी रबी के मौजूदा फसली सीजन से हो गई है। इस क्रम में सरकार किसानों में 33 करोड़ रुपये के निःशुल्क बीज बांट रही है। मिनी किट के रूप में यह बीज किसानों को उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसमें चना (प्रति किट 16 किग्रा) एवं मसूर (प्रति किट आठ किग्रा) के 2.5 लाख मिनीकिट शामिल हैं। इस तरह किसानों को कुल 12 हजार कुंतल मसूर एवं 16 हजार कुंतल चने की उन्नत प्रजातियों के बीज निःशुल्क मिलेंगे। इसके अलावा प्रदेश के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) की उपयोगिता के अनुसार 28 हजार कुंतल दलहनी के अन्य फसलों के बीज भी किसानों को निःशुल्क दिए जाएंगे। फिलहाल प्रदेश में दलहन का उत्पादन मांग के सापेक्ष 40-45 फीसद ही है। प्रदेश सरकार अगले पांच सालों में इसे बढ़ाकर मांग के अनुरूप करना चाहती है। इस दिशा में सरकार के प्रयास भी शुरू हो गये हैं। सरकार के इस निर्णय से दो लाभ होंगे। अगस्त के सूखे एवं अक्टूबर की अप्रत्याशित बाढ़ से प्रभावित किसानों को बीज के रूप में उन्नत प्रजाति का कृषि निवेश मिलने से राहत मिलेगी। साथ ही सत्कार की मंशा के अनुरूप दलहन का उत्पादन एवं रकबा भी बढ़ेगा। यही वजह है कि इस योजना में सरकार ने प्रदेश की उस दो लाख हेक्टेयर भूमि को प्राथमिकता में रखा है, जिसमें सूखे की वजह से किसान खरीफ की बोआई नहीं कर सके थे। साथ ही उन किसानों को भी प्राथमिकता दी जाएगी जो सूखे एवं बाढ़ से अधिक प्रभावित रहे। उल्लेखनीय है कि अपने पहले कार्यकाल की पहली कैबिनेट में ही योगी ने लघु-सीमांत किसानों के 36 हजार करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया था। इसका लाभ 86 लाख किसानों को मिला। तबसे किसानों को लाभ पहुंचाने और उनके घर खुशहाली लाने का सिलसिला लगातार जारी है। कुछ दिन पहले प्रदेश के कई हिस्सों में अक्टूबर में अप्रत्याशित बाढ़ आयी थी। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों का दर्द बांटने एवं फौरी तौर पर उनको राहत पहुंचाने के लिए चंद रोज में ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगभग हर उस जिले में गये, जहां बाढ़ की विभीषिका अधिक थी। अब रबी के सीजन में योगी सरकार किसानों के लिए यह राहत लेकर आयी है।

## सीवान के ठेपहां बाजार में लगी आग, बर्तन दुकान जलकर खाक



**सीवान (एजेंसी)।** जिले के जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहां बाजार में मंगलवार की देर रात अचानक एक बर्तन दुकान में आग लगने से 10 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गया है । वही आग पर काबू पाने के लिए दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है । घटना जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहां बाजार स्थित श्री साई बर्तन भंडार की है । दुकान के मालिक ठेपहां मुकुल जी बरनवाल ने बताया कि मंगलवार की देर रात को वे अपने बर्तन की दुकान बंद करके घर चले गए थे । बुधवार की सुबह जब दुकान खोलने के लिए पहुंचा तो देखकर दंग रह गया । दुकान का शटर उठाते ही आग के लपटे बाहर की तरफ निकलने लगी । इसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई । आग पूरे दुकान को अपने आगोश में ले रखा था और सारा सामान धू-धू कर जल रहा था । पहले तो उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का हर संभव प्रयत्न किया लेकिन आग पर काबू नहीं पाने की वजह से बाद में इसकी जानकारी दमकल विभाग के कर्मियों को दी।

दुकान में आग लगने की जानकारी मिलने के कुछ ही देर बाद मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आज इतना भयावह था कि उसके लपटे दूर दूर से देखे जा सकते थे। हालांकि आग कैसे लगी इसकी अभी तक दुकान मालिक ने पुष्टि नहीं किया है। आग लगने का दो कारण भी सामने आया है पहला कारण यह है कि दुकान में आग बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी होगी जबकि दूसरा कारण दुकान के अंदर दीप जलाकर छोड़ने से भी आगलगी की घटना हो सकती है।

## न्यूज गैलरी

### मोदी सरकार छूट मुक्त कर व्यवस्था को खत्म करने पर कर रही विचार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय बजट 2020-21 में एक नई कर व्यवस्था पेश की गई थी। इसमें करदाताओं को विभिन्न कटौतियों और छूट वाली पुरानी व्यवस्था और छूट और कटौती के बिना (छूट मुक्त) कम कर दरों की पेशकश करने वाली नई कर व्यवस्था के बीच चयन करने का विकल्प दिया गया था। अब सरकार छूट मुक्त कर व्यवस्था को खत्म करने पर विचार कर रही है। मामले से जुड़े सूत्र ने कहा कि ज्यादातर करदाता पुरानी कर व्यवस्था को तरजीह दे रहे हैं। इसके पहले वित्त मंत्रालय ने छूट मुक्त नई कर व्यवस्था की समीक्षा करने का प्रस्ताव किया था। लेकिन अब उसे खत्म करने पर विचार हो रहा है। सूत्रों ने कहा कि वित्त मंत्रालय चाहता है कि व्यक्तिगत आय करदाताओं के लिए कर व्यवस्था और आकर्षक होनी चाहिए। सूत्रों का कहना है कि सरकार करदाताओं के पुरानी कर व्यवस्था में अधिक आकर्षण को देखते हुए पुरानी कर प्रणाली को ही और सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाने की योजना पर काम कर रही है। उन्होंने बताया कि अगले साल के बजट में इसकी झलक देखने को मिल सकती है। नई कर व्यवस्था के तहत 2.5 लाख रुपये तक की वार्षिक आय पर कोई कर नहीं है। इसके तहत 2.5 लाख से पांच लाख रुपये के बीच की आय के लिए कर की दर पांच प्रतिशत है। इसके बाद 10 प्रतिशत,15 फीसदी, 20 फीसदी, 25 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की कर श्रेणी है।

### हीरो हुण्डा स्पेलेंडर को चुनौती देने के लिए जल्द मैदान में उतरेगी होण्डा की 100 सीसी बाइक

नई दिल्ली। होंडा टू व्हीलर्स इंडिया 100 सीसी सेगमेंट में खाली जगह को देखते हुए अपनी नई बाइक लाने जा रही है जिस पर कंपनी काम भी शुरू कर चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ये बाइक कंपनी की सबसे सस्ती और सबसे ज्यादा माइलेज देने वाली होगी और इस बाइक का सीधा मुकाबला हरो स्पेलेंडर के साथ होना है। होंडा टू व्हीलर्स इंडिया ने इस बाइक के लॉन्च को लेकर अभी तक कोई जानकारी नहीं दी है लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक, कंपनी इसे जनवरी 2023 के शुरूआती दिनों में भारत के घरेलू बाजार में लॉन्च कर सकती है। 100 सीसी बाइकों की मौजूदा रेंज की बात करें तो पिछले कई महीनों ने इस सेगमेंट में हीरो मोटोकॉर्प की स्प्लेंडर प्लस ने पहला पायदान कब्जाया हुआ है। हाल ही में होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के प्रेसीडेंट, सीईओ और डायरेक्टर जनरल अत्सुशी ओगाटा ने एक मीडिया संस्थान से बात करते हुए इस बात का खुलासा किया था कि कंपनी का भारत में लॉन्च होने वाला अलगा प्रोडक्ट 100 सीसी इंजन वाली बाइक होगी जिसकी कीमत काफी कम और माइलेज काफी ज्यादा होगी। होंडा की मौजूदा रेंज की बात करें तो कंपनी के पास 100 सीसी सेगमेंट में कोई बाइक नहीं है जबकि 110 सीसी में कंपनी के पास होंडा सीडी 110 ड्रीम और होंडा लिवो हैं। इसके अलावा 125 सीसी में कंपनी ने पास होंडा शाइन और होंडा एसपी 125 का विकल्प भी मौजूद है। इसके बाद 150 से लेकर 350 सीसी तक कंपनी के पास बड़ी रेंज मौजूद है। होण्डा 100 सीसी बाइक के लॉन्च के साथ कंपनी भारत में बदलती तकनीक को देखते हुए अपने वाहनों में फ्लेक्स फ्यूल इंजन वाले व्हीकल बनाने पर भी तेजी से काम कर रही है ताकि तेजी से बढ़ती प्रतियोगिता के बीच सबसे पहले इस उपलब्धि को हासिल किया जा सके।

### ग्लोबल हेल्थ का आईपीओ तीन नवंबर को खुलेगा

**नयी दिल्ली।** अस्पतालों का परिचालन और प्रबंधन करने वाली कंपनी ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) तीन नवंबर से सात नवंबर तक सार्वजनिक सदस्यता के लिए खुलेगा। मसौदा दस्तावेजों में यह जानकारी दी गई। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, आईपीओ का आकार करीब 2,200 करोड़ रुपये होगा। आईपीओ में 500 करोड़ रुपये के नये शेयर जारी किये जायेंगे। इसके अलावा इसमें 5.08 करोड़ शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। ओएफएस के तहत, निजी इक्विटी कंपनी कार्लाइल ग्रुप से संबंधित इकाई अनंत इंवेस्टमेंट्स और सुनील सचदेवा (सुमन सचदेवा के साथ संयुक्त रूप से) शेयरों की बिक्री करेंगे। ग्लोबल हेल्थ में अनंत इन्वेस्टमेंट्स की 25.64 प्रतिशत हिस्सेदारी है, वहीं सचदेवा की इसमें 13.41 प्रतिशत हिस्सेदारी है। नये निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग ऋण और सामान्य कारोबार उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। ग्लोबल हेल्थ की स्थापना जानेमाने चिकित्सक नरेश त्रेहन ने की थी। यह भारत के उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में एक प्रमुख निजी मल्टी-स्पेशलिटी तृतीयक देखभाल प्रदाता है।

### गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को लगा बड़ा घाटा

# 24 घंटे में गंवाये 9000 करोड़ से अधिक की रकम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिवाली के एक दिन बाद ही दुनिया चौथे अमीर शख?स गौतम अडानी और मुकेश अंबानी को तगड़ा झटका लगा है। इनकी संपत्तियों में एक दिन के दौरान ही 9,100 करोड़ से अधिक का घाटा हुआ है। गौतम अडानी जहां 122 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ चौथे नंबर पर बने हुए हैं, वहीं मुकेश अंबानी टॉप 10 से बाहर 11वें पायदान पर हैं। इनकी कुल संपत्ति 83.5 अरब डॉलर है। ब्लूमवर्ग अरबपतियों की एक रिपोर्ट के अनुसार, गौतम अडानी को एक दिन में 1.11 अरब डॉलर यानी 9,100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। वहीं मुकेश अंबानी को 1.37 अरब डॉलर यानी 11,200 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। मुकेश अंबानी की कुल संपत्ति 83.5 अरब डॉलर है, जो 11वें नंबर पर काबिज हैं। टॉप-10 अरबपतियों की लिस्ट में गौतम अडानी को छोड़कर सभी को फायदा हुआ है। दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलन मस्क को एक दिन में 7.68 अरब डॉलर का फायदा हुआ है, इनकी कुल संपत्ति 210 अरब डॉलर है। वहीं दूसरे नंबर पर जेफ बेजोस को 852 मिलियन डॉलर का फायदा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति 144 बिलियन डॉलर है। फ्रांस के उद्योगपति बर्नार्ड अर्नाल्ट तीसरे नंबर पर हैं और इनकी संपत्ति में 24 घंटे के दौरान 6.30 बिलियन डॉलर का फायदा हुआ है। इनकी कुल संपत्ति 143 अरब डॉलर है। वहीं चौथे नंबर पर गौतम अडानी हैं। इसके बाद, बिल गेट्स 111 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ 5वें नंबर पर हैं और इन्हें 1.43 अरब

> फ्रांस के उद्योगपति बर्नार्ड अर्नाल्ट तीसरे नंबर पर हैं और इनकी संपत्ति में 24 घंटे के दौरान 6.30 बिलियन डॉलर का फायदा हुआ है।

डॉलर का एक ही दिन में फायदा हुआ है। मंगलवार को अडानी ग्रुप के शेयरों में तेज गिरावट देखने को मिली, जिस कारण गौतम अडानी की दौलत में गिरावट आई है। अडानी एंटरप्राइजेज के शेयर में 0.28 फीसदी, अडानी ट्रांसमिशन का शेयर 2.91 फीसदी, अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयर में 1.95 फीसदी की गिरावट हुई है। वहीं अडानी पोर्ट्स के शेयरों में 0.64 फीसदी, अडानी पावर लिमिटेड के शेयर में 0.95 फीसदी और अडानी विल्मर लिमिटेड के शेयर में 1.45 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

### 74 प्रतिशत टूट गया पीबी फिनटेक का यह शेयर 1470 से घटकर 385 रुपये आ गया स्टॉक



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पॉलिसी बाजार ऑपरेटर पीबी फिनटेक के शेयर पिछले नवंबर में अपने ऑल टाइम हाई से 74 प्रतिशत गिर गए हैं। पॉलिसी बाजार का स्टॉक 385 रुपये पर आ गया है जो कि 17 नवंबर 2021 को ऑल टाइम हाई 1470 रुपये पर था। यानी इस अवधि के दौरान यह शेयर 1,084 रुपये या 73.74 प्रतिशत टूट गया। एक्सपर्ट के मुताबिक, अभी इस शेयर में और गिरावट आ सकती है। इस पर 300-310 रुपये का लो टारगेट देखा जा सकता है। बता दें कि पॉलिसी बाजार का शेयर 1,150 रुपये के लिस्टिंग प्राइस से 66.43 प्रतिशत नीचे कारोबार कर रहा है। स्टॉक ने 15 नवंबर 2021 को आईपीओ इश्यू प्राइस 980 रुपये से 17 प्रतिशत के प्रीमियम पर अपनी शुरूआत की थी। 2022 में पॉलिसी बाजार के शेयरों में लगभग 60% की गिरावट और पिछले एक महीने में 22.73 फीसदी की गिरावट आई है। भारत की सबसे बड़ी ऑनलाइन बीमा कंपनी का मार्केट कैप गिरकर 17,258 करोड़ रुपये रह गया। पॉलिसी बाजार के शेयर 5 दिन, 20 दिन, 50 दिन, 100 दिन और 200 दिन के मूविंग एवरेज से नीचे कारोबार कर रहे हैं। हालांकि, पॉलिसी बाजार के शेयर 52 वीक के निचले स्तर 373.10 रुपये के मुकाबले करीब 3 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। स्टॉक 21 अक्टूबर, 2022 को अपने नए निचले स्तर पर पहुंचा था। टिप्स टू ट्रेड में अभिजीत ने कहा कि मजबूत प्लेटफॉर्म आधारित व्यवसाय होने के बावजूद पॉलिसीबाजार के शेयर की कीमत में भी गिरावट आई है।

## ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए नियम दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के ही समान रखे जाएं:सीओएआई

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय दूरसंचार उद्योग के लिए मंच सेल्यूलर आपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने प्रस्तावित दूरसंचार विधेयक में ओटीटी प्लेटफार्म को स्पष्ट रुप से परिभाषित किए जाने का सुझाव दिया है। संगठन ने कहा है कि दूरसंचार सेवा क्षेत्र में सभी प्रौद्योगिकियों के बीच एक समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए ओटीटी संचार सेवाओं के संबंध में समान सेवा समान नियम, ताकि उद्योग में निष्पक्ष और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कायम है। सीओएआई के मंगलवार को जारी एक बयान में कहा गया है कि यह उद्योग अपने पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न इकाइयों द्वारा नयी तकनीकों और सेवाओं को अपनाने का स्वागत करता है लेकिन हर किसी के लिए नियामक शर्तों और व्यवहार समान रूप से लागू किए जाने चाहिए। बयान में कहा गया है कि सीओएआई दूरसंचार विभाग द्वारा हाल ही जारी भारतीय दूरसंचार विधेयक 2022 के मसौदे में ओवर दी टॉप (ओटीटी) संचार सेवाओं को शामिल करने का स्वागत करता है, पर दूरसंचार विधेयक के मसौदे में ओटीटी संचार सेवाओं को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने की आवश्यकता है। सीओएआई ने कहा है कि यह मानना उचित नहीं है कि दूरसंचार सेवाएं और ओटीटी ऐप कोई समान स्तर पर काम नहीं कर रहे होते हैं, इसलिए उनके लिए समान विनियमन की जरूरत नहीं है। संगठन का कहना है कि नेटवर्क इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने में भारी मात्रा में निवेश करने और विभिन्न नियामक अनुपालनों को पूरा करने के संदर्भ में भारी परिचालन खर्च करने के अलावा दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियां (टीएसपी) लाइसेंस शुल्क, एसयूसी, जीएसटी, आदि के रूप में अत्यधिक शुल्क और करों का भुगतान करते हैं।

> सीओएआई ने कहा है कि यह मानना उचित नहीं है कि दूरसंचार सेवाएं और ओटीटी ऐप कोई समान स्तर पर काम नहीं कर रहे होते हैं, इसलिए उनके लिए समान विनियमन की जरूरत नहीं है।

### स्मार्ट ग्रिड में निवेश 66 प्रतिशत बढ़कर 25 अरब डॉलर पर: रिपोर्ट

**नयी दिल्ली।** इस साल जनवरी से सितंबर के बीच वैश्विक स्तर पर ऊर्जा भंडारण और स्मार्ट ग्रिड में निवेश सालाना आधार पर 66 प्रतिशत बढ़कर 25 अरब डॉलर हो गया। वैश्विक स्वच्छ ऊर्जा सलाहकार कंपनी मेरकॉम कैपिटल की रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आयी है। वित्त पोषण में उद्यम पूंजी, सार्वजनिक बाजार वित्त पोषण और ऋण वित्त पोषण शामिल हैं। मेरकॉम कैपिटल ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में कहा, "वर्ष 2022 के पहले नौ महीनों में ऊर्जा भंडारण, स्मार्ट ग्रिड और दक्षता कंपनियों के लिए कुल कॉरपोरेट वित्तपोषण 25 अरब डॉलर रहा। जनवरी-सितंबर, 2021 में यह आंकड़ा 15.1 अरब डॉलर रहा था। आलोच्य अवधि में ऊर्जा भंडारण खंड ने 92 सौदों के जरिये 22 अरब डॉलर का वित्त पोषण जुटाया।

## सितंबर में आधार के माध्यम से 25.25 करोड़ ई-केवाईसी लेनदेन हुआ जो अगस्त की तुलना में ज्यादा रहा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आधार आधारित ई केवाईसी के माध्यम से लेनदेन में तेजी का रूख बना हुआ है। इस वर्ष सितंबर में 25.25 करोड़ ई-केवाईसी लेनदेन आधार के माध्यम से किए गए जो अगस्त की तुलना में लगभग 7.7 प्रतिशत ज्यादा है। एक ई-केवाईसी लेनदेन केवल आधार धारक की सहमति से पूरा किया जाता है, जो कागजी कार्रवाई और केवाईसी के लिए व्यक्तिगत सत्यापन की आवश्यकता को समाप्त करता है। आधार ई-केवाईसी सेवा बेहतर और पारदर्शी ग्राहक अनुभव के साथ व्यापार करने में आसानी प्रदान करके बैंकिंग और गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार आधार के माध्यम से अब तक ई-केवाईसी लेनदेन की कुल संख्या सितंबर 2022 के अंत तक बढ़कर 1297.93 करोड़ हो गई है। इसी तरह, आधार सक्षम भुगतान प्रणाली (एईपीएस) आय आरेख में सबसे निचले स्तर पर वित्तीय समावेश करने में सहायक रही है। सितंबर 2022 के अंत तक एईपीएस और माइक्रो एटीएम नेटवर्क के माध्यम से 1549.84 करोड़ बैंकिंग लेनदेन किये गए हैं। सिर्फ सितंबर में पूरे भारत में 21.03 करोड़ एईपीएस लेनदेन किए गए। सितंबर में आधार के जरिए 175.41 करोड़ सत्यापित लेनदेन किए गए। इनमें से अधिकांश मासिक लेनदेन फिंगरप्रिंट बायोमेट्रिक सत्यापन का उपयोग करके पूरे किये गए, जबकि लेनदेन के लिए जनसांख्यिकीय और ओटीपी प्रमाणीकरण का भी उपयोग किया गया। अब तक 8250.36 करोड़ सत्यापित लेनदेन सितंबर के अंत तक पूरे किए जा चुके हैं।

### देश के सात प्रमुख शहरों में आवास की बिक्री इस वर्ष 3.6 लाख इकाई पर पहुंच सकती है : एनारॉक

**नयी दिल्ली।** आवास ऋण पर ब्याज दरें बढ़ने और संपत्ति की कीमतों में भी बढ़ोतरी होने के बावजूद आवास की मांग सभी मूल्य श्रेणियों में मजबूत बनी हुई है और देश के सात प्रमुख शहरों में इस साल आवास बिक्री 3.6 लाख इकाई के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच सकती है। संपत्ति सलाहकार एनारॉक ने यह जानकारी दी। इससे पहले देश के सात प्रमुख शहरों यानी दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगरीय क्षेत्र (एमएमआर), चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में सर्वाधिक 3,42,980 आवासों की बिक्री 2014 में हुई थी। एनारॉक के आंकड़ों के मुताबिक चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान जनवरी से सितंबर के बीच आवासीय इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा 2,72,710 पर पहुंच गया, जो कोविड से पहले के वर्ष 2019 के बिक्री आंकड़े के पार चला गया, जब 2,61,360 इकाइयों की बिक्री हुई थी। इस वर्ष बिक्री आंकड़ा 3.6 लाख इकाइयों तक पहुंचने का अनुमान जताते हुए संपत्ति परामर्शदाता ने कहा कि आवास ऋण पर ब्याज दर 6.5 फीसदी से बढ़कर करीब 8.5 फीसदी हो जाने पर भी आवास की मांग त्योहारों के दौरान मजबूत बनी रही है। एनारॉक समूह के चेयरमैन अनुज पुरी ने कहा, भारत में आवास बाजार के इतिहास में साल 2022 दर्ज होगा, इसने पहले के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए और त्योहारी सीजन के दौरान मजबूत बिक्री की रफ्तार बनी हुई है।

### एचडीएफसी बैंक का फैसला, एक माह में दूसरी बार ग्राहकों को मिलेगा तोहफा

## बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दर में 50 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोत्तरी की




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्राइवेट सेक्टर के एचडीएफसी ने डिपॉजिट पर भरोसा रखने वाले निवेशकों को गुड न्यूज दी है। बैंक ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दर में 50 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की है। यह अक्टूबर माह में दूसरी बार है जब एचडीएफसी ने ब्याज दर में इजाफा किया है। इससे पहले बैंक ने 75 बेसिस प्वाइंट की ब्याज दर बढ़ा दी थी। कहने का मतलब ये है कि फिक्स्ड डिपॉजिट यानी एफडी कराने वाले ग्राहकों को अब एक माह पहले के मुकाबले 1 फीसदी से ज्यादा का ब्याज मिलेगा। एचडीएफसी ने 2 करोड़ रुपये से कम रकम पर ब्याज दरें बढ़ाई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद बैंक अपने सामान्य ग्राहकों को 7 दिनों से 10 साल में मैच्योर होने वाली जमा पर 3% से 6.25% तक की ब्याज दर की पेशकश कर रहा है। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को सामान्य ग्राहकों को दी जाने वाली ब्याज दर से 50 बेसिस प्वाइंट अतिरिक्त मुनाफा मिलेगा। वरिष्ठ नागरिकों को 7 दिनों से 10 साल की अवधि वाली एफडी पर 3.5% से 6.95% तक की ब्याज दर मिलेगी। इसके अलावा बैंक ने भी रेकरिंग डिपॉजिट पर ब्याज दरों में संशोधन किया है। बैंक अब आम जनता के लिए 6 महीने से लेकर 120 महीने तक की अवधि वाली रेकरिंग पर 4.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत की ब्याज दर की पेशकश करेगा।

### छठ पूजा पर घर जाने के लिए ट्रेनों में मारामारी, महंगी हुई हवाई जहाज की सवारी




**नई दिल्ली।** चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत 28 अक्टूबर से हो रही है। दिल्ली हो या मुंबई या फिर दुनिया के किसी कोने कोई बिहार, झारखंड या फिर पूर्वांचल का कोई व्यक्ति रहता हो, इस महापर्व पर अपने घर जाने के लिए बेताब रहता है। इस समय बिहार जाने वाली ट्रेनें फुल हैं और हवाई जहाज की टिकट के लिए भी मारामारी चल रही है। दिल्ली से पटना तक के लिए 27 अक्टूबर का किराया 12000 से करीब 19000 तक पहुंच गया है। मेकमॉयट्रिप डॉट कॉम पर दिए गए ताजा रेट के मुताबिक 27 अक्टूबर को दिल्ली से पटना तक का फ्लाइट टिकट सबसे महंगा गो फर्स्ट का है। यह एयर लाइन कंपनी दिल्ली से पटना तक एक व्यक्ति का किराया 18869 रुपये वसूल रही है। जबकि, एयर इंडिया का किराया 16560 रुपये है। वहीं, एयर एशिया 16042 रुपये, इंडिगो 12569, स्पाइसजेट 12359 और विस्तारा एयर लाइंस 14460 रुपये वसूल रही है। इसी तरह दिल्ली से दरभंगा के लिए 27 अक्टूबर को सुबह 11:30 वाली फ्लाइट का किराया 12076 रुपये है तो 14:20 बजे वाली फ्लाइट का 13120 रुपये। सुबह 6:40 बजे और दोपहर 2:25 बजे उड़ने वाली इंडिगो की फ्लाइट का किराया 19101 रुपये है। एयर इंडिया ने 27 अक्टूबर की फ्लाइट के लिए 19102 और 19132 रुपये किराया रखा है। वैसे सामान्य दिनों में दिल्ली से दरभंगा का किराया 4550 से 7000 रुपये तक है।

## सोनी के एक लाख रुपये वाले टीवी पर 43 हजार का डिस्काउंट, मिलेगा 55 इंच का 4के डिस्प्ले




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोनी का स्मार्ट टीवी लेने का सबसे शानदार मौका आ गया है। अमेजन इंडिया पर आप 55 इंच के Sony Bravia 4K Ultra HD Smart LED Google TV (KD-55X74K) को 39% की छूट के साथ खरीद सकते हैं। कंपनी के इस 4के टीवी की एमआरपी 99,900 रुपये है। सेल में यह डिस्काउंट के बाद 60,999 रुपये में आपका हो सकता है। खास बात कि ऑफर में कंपनी सभी बैंक के काड्र्स पर 2500 रुपये का डिस्काउंट भी दे रही है। इसके अलावा अगर आप ऐक्सिस या RBL बैंक के कार्ड से पेमेंट करेंगे, तो आपको 1500 रुपये का एक्स्ट्रा डिस्काउंट भी मिलेगा। इन सभी ऑफर्स के साथ टीवी पर मिलने वाला टोटल डिस्काउंट 42,901 रुपये का हो जाता है। ऐसे में इस टीवी को आप 99,900 रुपये की बजाय 56,999 रुपये में खरीद सकते हैं। टीवी में कंपनी 38402160 पिक्सल रेजॉल्यूशन के साथ 55 इंच का 4के डिस्प्ले दे रही है। यह डिस्प्ले 60ल्ि९ के रिफ्रेश रेट और 178 डिग्री के व्यूइंग ऐंगल के साथ आता है। शानदार पिक्चर क्वॉलिटी के लिए कंपनी इस टीवी में लाइव कलर के साथ 4के X Reality Pro, X1 4K Processor और 4K HDR भी दे रही है। इसके अलावा इसमें आपको Motion x Flow XR100 भी मिलेगा। दमदार साउंड के लिए टीवी में ओपन बैफल स्पीकर के साथ 20 वॉट का साउंड आउटपुट दिया गया है। टीवी की आवाज को और दमदार बनाने के लिए इसमें डॉल्बी ऑडियो सपोर्ट भी ऑफर किया जा रहा है। गूगल टीवी ओएस पर काम करने वाले इस टीवी में कंपनी इन-बिल्ट क्रोमकास्ट भी दे रही है। इसके अलावा इसनें आपको नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो भी मिलेगा। कनेक्टिविटी के लिए टीवी में 3 एचडीएमआई पोर्ट और दो यूएसबी पोर्ट के साथ सारे स्टैंडर्ड ऑप्शन दिए गए हैं। बताते चलें कि सोनी के इस टीवी में आपको ऐपल एयरप्ले, ऐपल होमकिट और एलेक्सा भी मिलेगा।

> दमदार साउंड के लिए टीवी में ओपन बैफल स्पीकर के साथ 20 वॉट का साउंड आउटपुट दिया गया है। टीवी की आवाज को और दमदार बनाने के लिए इसमें डॉल्बी ऑडियो सपोर्ट भी ऑफर किया जा रहा है।

### डाबर का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 2.85 प्रतिशत घटा, आय 6 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की दूसरी जुलाई-सितंबर की तिमाही में 2.85 प्रतिशत घटकर 490.86 करोड़ रुपए रह गया। डाबर इंडिया ने बुधवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में यह जानकारी दी। इससे पिछले वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में कंपनी ने 505.31 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। हालांकि, कंपनी की परिचालन आय 2022-23 की दूसरी तिमाही में छह प्रतिशत बढ़कर 2,986.49 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 2,817.58 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा डाबर इंडिया का कुल खर्च भी आलोच्य तिमाही में 8.94 प्रतिशत बढ़कर 2,471.28 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में यह 2,268.47 करोड़ रुपए था।

## गूगल पर प्लेस्टोर नीति को लेकर प्रतिस्पर्धा आयोग ने जड़ा 936.44 करोड़ रुपये का जुर्माना

> आयोग ने कहा है कि ऐप डेवलपर्स के लिए इन-ऐप डिजिटल सामान की बिक्री उनके आविष्कार और नवप्रवर्तन से कमाई करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।




**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** आयोग ने गूगल को निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने आचरण को संशोधित करने का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि डिजिटल ऐप का विकास करने वालों के लिए ऐप को उसका इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों के ऐप स्टोर एक आवश्यक माध्यम बन गए हैं। ये ऐप स्टोर सीधे तौर पर स्मार्ट फोन के ओएस (आपरेटिंग सिस्टम) पर निर्भर है। सीसीआई ने कहा है कि भारत में गूगल स्मार्ट मोबाइल उपकरणों के लिए लाइसेंस योग्य ओएस और एंड्रॉइड स्मार्ट मोबाइल ओएस के लिए ऐप स्टोर के लिए बाजार में वर्चस्व की स्थिति में है और इसके स्वामी अपने वर्चस्व का फायदा उठाते हैं। आयोग ने कहा है कि ऐप डेवलपर्स के लिए इन-ऐप डिजिटल सामान की बिक्री उनके आविष्कार और नवप्रवर्तन से कमाई करने का एक महत्वपूर्ण साधन है। इनकी खरीदारी करने वाले उपयोगकर्ताओं को इन-ऐप डिजिटल सामान वितरित करने के लिए, डेवलपर्स को गूगल ऐप स्टोर की नीति के तहत अपने ऐप को गुगल की भुगतान प्रणाली के साथ कॉनफि गर (जोड़ना) होता है ताकि डिजिटल सामान की सभी खरीदारी गूगल की भुगतान प्रणाली के माध्यम से हो जो उस लेनदेन संसाधित करती है। आयोग ने पाया है कि प्ले स्टोर की नीतियों के तहत आवश्यक है कि ऐप डेवलपर को केवल और अनिवार्य रूप से गूगल प्ले के के बिलिंग सिस्टम (जीपीबीएस) का उपयोग न केवल गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से वितरित/बेचे गए ऐप्स (और ऑडियो, वीडियो, गेम जैसे अन्य डिजिटल उत्पादों) के लिए भुगतान प्राप्त करे बल्कि इसके लिए भी कुछ इन-ऐप खरीदारी के उपयोगकर्ताओं द्वारा प्लेस्टोर से ऐप डाउनलोड/खरीदने के बाद की गई खरीदारी के भुगतान के लिए यही अनिवार्यता है।

